# दिल में है श्याम | By Dimple Agarwal |

दिल में है श्याम, सांसों में श्याम
तुझे मैं कैसे भुलाऊं ...
पूजा करूं या भजन करूं ,
बोलो तुम्हे कैसे चाहूं !!
बाबा...... मेरे बाबा ...तुम हो मेरे सहारे

मेरा दिल छोटा सा है श्याम ,
इस दिल में तुझे कैसे बिठाऊं..
तेरा दिल बहुत बड़ा श्याम
क्यों ना मैं उस में समा जाऊं !!
दुनिया की अब परवाह नहीं,
बस तेरा ही प्यार चाहूं....
बाबा ....मेरे बाबा.... तुम हो मेरे सहारे

तूने मुझे इतना दिया है श्याम,
झोली मेरी भर गई मेरे श्याम,।
तेरे इन एहसानों को,
कैसे मैं भुलाऊं मेरे श्याम !!
अब तो तेरे चरणों में ही ..
बीते जीवन मेरा श्याम..
बाबा.... मेरे बाबा... तुम हो मेरे सहारे

हारे के सहारे तुम ही श्याम,
डिंपल भी श्याम तेरे सहारे।

दुनिया ना सुहाए मुझे,
आया सुरेश तेरे द्वारे।
तूने जो ना थामा हमें,
फिर कौन थामे हमें श्याम !!
बाबा... मेरे बाबा. तुम हो हारे के सहारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-dimple-agarwal/